कुलसचिव कार्यालय - 2514277
परीक्षा नियंत्रक कार्या.- 2518024
फेक्स : 0734-2518181, 2514276
ई-मेल : examvu@gmail.com
वेबसाईट : vikramuniv.net

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2016/814 दिनांक : 7/12/16

-:: अधिसूचना ::-

माह अप्रैल-2016 में सम्पन्न हुई एम.फिल. IInd सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों से मौखिकी परीक्षा एम.फिल IIIrd सेमेस्टर में सम्मिलित होने हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित अ.शा. में जमा करवाऐ जाने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं -

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 10 दिसम्बर 2016 से 15 दिसम्बर 2016"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि --**
"दिनांक 16 दिसम्बर 2016 से 18 दिसम्बर 2016 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 19 दिसम्बर 2016 से 21 दिसम्बर तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 22 दिसम्बर 2016 से परीक्षा प्रारम्भ होने के 02 दिवस पूर्व तक"

नोट :- 1) समस्त पात्र परीक्षार्थियों को 26 दिसम्बर 2016 तक अपनी Thesis संबंधित अध्ययनशाला में जमा करना अनिवार्य होगा।

2) समस्त विभागाध्यक्ष दिनांक 26 दिसम्बर से 02 जनवरी 2017 के मध्य (1) Seminar (2) Dissertation (3) Viva-voce Examination आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे।

दिशा-निर्देश -

01) विभागाध्यक्ष संबंधित अ.शा. की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अ.शा. का होगा।

02) विभागाध्यक्ष, संबंधित अ.शा. परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित अ.शा. संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/- तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/- संबंधित अ.शा. में जमा करेंगे।

04) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित विभागाध्यक्ष परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि क पश्चात **पाँच (05) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/- (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव (परीक्षा)

Adhi-198

क्रमांक/परीक्षा/2016/ 815 दिनांक : 7/12/

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

01. विभागाध्यक्ष/निदेशक संबंधित अध्ययनशाला/संस्थान विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति अ.शा. /संस्थान के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।

02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

08. सहायक कुलसचिव, लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र ..... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Adhi-199